हिंदी प्रकोष्ठ
मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद
प्रयागराज -211004 (भारत)
Hindi Cell
Motilal Nehru National Institute of Technology Allahabad
Prayagraj - 211004(India)

# कार्यवृत

विषय : मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान की दिनांक 20 जून, 2023 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त।

संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति व हिंदी सलाहकार समिति की वर्ष 2023-24 की प्रथम तिमाही की संयुक्त बैठक दिनांक 20.06.2023 मध्याह्न 12.00 बजे, प्रो. रमा शंकर वर्मा, निदेशक, मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद, प्रयागराज की अध्यक्षता में संस्थान के सभागार में आयोजित की गई।

उक्त बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए:-

1. प्रो. रमा शंकर वर्मा, निदेशक - अध्यक्ष
2. प्रो. मनोज माधव गोरे, अधिष्ठाता (संकाय कल्याण) - सदस्य
3. प्रो. गीतिका, अधिष्ठाता, (संसाधन जनन अंतर्राष्ट्रीय मामले) - सदस्य
4. प्रो. रवि प्रकाश तिवारी, अधिष्ठाता (योजना एवं विकास) - सदस्य
5. प्रो. प्रदीप कुमार मेहता, विभागाध्यक्ष, जानपद अभियांत्रिकी विभाग - सदस्य
6. प्रो. धर्मेन्द्र कुमार यादव, विभागाध्यक्ष, संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग - सदस्य
7. प्रो. राम अवध मिश्र, विभागाध्यक्ष, सूक्ष्मकणिका एवं संचार अभियांत्रिकी विभाग - सदस्य
8. प्रो. विनय कुमार श्रीवास्तव, अध्यक्ष, भौगोलिक सूचना प्रकोष्ठ प्रणाली - सदस्य
9. डा. अनिमेष कुमार ओझा, कार्यवाहक अधिष्ठाता (शोध एवं परामर्श) - सदस्य
10. डा. प्रमोद कुमार यादव, कार्यवाहक अधिष्ठाता (छात्र कल्याण) - सदस्य
11. डा. सिराज आलम, विभागाध्यक्ष, रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग - सदस्य
12. डा. तमाल घोष, विभागाध्यक्ष, रसायन विभाग - सदस्य
13. डा. गोरख नाथ, विभागाध्यक्ष, गणित विभाग - सदस्य
14. डा. नरेश कुमार, विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग - सदस्य
15. डा. ज्योत्स्ना सिन्हा, विभागाध्यक्ष मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग - सदस्य
16. डा. अभिषेक कुमार, विभागाध्यक्ष, प्रयुक्त यांत्रिकी विभाग - सदस्य
17. डा. विभूति त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष, प्रबंध अध्ययन विभाग - सदस्य
18. डा. नन्द कुमार सिंह, सह आचार्य, जैव प्रौद्योगिकी विभाग - सदस्य
19. डा. रमेश पाण्डेय, कुलसचिव - सदस्य सचिव

अध्यक्ष महोदय एवं सदस्यों के स्वागत उपरान्त बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई। बैठक में निम्न महत्वपूर्ण मदों पर विचार-विमर्श किया गया:-

**मद सं. 1: पिछली बैठक दिनांक 21 मार्च, 2023 के कार्यवृत्त की पुष्टि :-**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पिछली बैठक दिनांक 21 मार्च, 2023 को आयोजित की गई थी। बैठक का कार्यवृत्त अपेक्षित कार्रवाई के लिए समिति के समस्त सदस्यों के मध्य प्रसारित किया गया था। किसी भी सदस्य से कार्यवृत्त के संबंध में कोई टिप्पणी अथवा सुझाव प्राप्त न होने पर समिति द्वारा सर्व सम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

**मद सं. 2: संस्थान के विभिन्न विभागों में पिछली तिमाही के दौरान हिंदी में किए गए कार्यों की समीक्षा :-**

- अध्यक्ष महोदय के निर्देशानुसार संस्थान की पिछली तिमाही के आंकड़ों की समीक्षा करते हुए हिंदी अधिकारी ने बताया कि हिंदी क्षेत्र में कार्यरत सभी केन्द्रीय कार्यालयों को 100% पत्राचार हिन्दी में करना अनिवार्य है। आंकडों की समीक्षा के दौरान यह तथ्य उभर कर सामने आया कि संस्थान के 21 विभाग/अनुभाग 100-90% पत्राचार हिंदी में कर रहे हैं जबकि 08 विभाग/अनुभाग 90% से कम एवं 80% से अधिककार्य हिंदी में तथा 4 विभाग/अनुभाग 80% से कम पत्राचार हिंदी में कर रहे हैं। जिन कार्यालयों में शत प्रतिशत अथवा 90% से अधिक कार्य हिंदी में हो रहा है उनकी प्रशंसा की गई। शेष सभी कार्यालयों से अनुरोध किया गया कि वे अपने विभाग/अनुभाग में हिंदी पत्राचार का प्रतिशत बढ़ाए ताकि यथाशीघ्र राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।
- बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पत्राचार में निरंतर वृद्धि के लिए सार्थक प्रयास किए जाए साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि पिछली तिमाही के सापेक्ष आगामी तिमाही के पत्राचार के प्रतिशत में गिरावट न आने पाए।
- निदेशक महोदय ने यह निदेश दिया की संस्थान के सभी विभागों में हिंदी अधिकारी के परस्पर सहयोग एवं सामंजस्य से कार्य और सरल एवं सुगम हो जायेगा। रोजमर्रा के प्रयोग में आने वाली छोटी-छोटी टिप्पणियों का मानक स्वरूप संस्थान की फाइलों के अंदरूनी पृष्ठों पर मुद्रित कराया जाए।
- माननीय अध्यक्ष महोदय ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि संस्थान में राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) एवं राजभाषा नियम 5 का भली-भांति अनुपालन किया जा रहा है साथ ही हमने टिप्पणी के लिए निर्धारित 75% के लक्ष्य को हासिल कर लिया है।

मद सं. 3: आगामी तिमाही में हिंदी कार्यशाला आयोजित करने हेतु विभाग का चयन:-

वर्तमान तिमाही के दौरान सूक्ष्मकणिका एव्नं संचार अभियांत्रिकी विभाग द्वारा दिनांक 21.06.2023 को हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। समिति ने यह भी निर्णय लिया कि आगामी **तिमाही (जुलाई से सितम्बर 2023)** के दौरान हिंदी कार्यशाला का आयोजन **भौगोलिक सूचना प्रणाली प्रकोष्ठ** द्वारा कराया जाए।

मद सं. 4: अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय :-

अंततः समिति के अध्यक्ष महोदय ने आर्शीवचन स्वरूप पूरे मनोयोग से हिंदी का कार्य बढ़ाने एवं संस्थान में राजभाषा को सच्चे अर्थों में प्रतिष्ठित करने की बात रखी। आपने शत-प्रतिशत कार्य हिंदी में करने वाले कार्यालयों को बधाई दी तथा अन्य कार्यालयों से भी लक्ष्य प्राप्त करने की अपेक्षा व्यक्त की। सभी कार्यालयों से अनुरोध किया गया कि मूल्यांकन प्रक्रिया प्रत्येक माह विभागीय स्तर पर पूर्ण की जाय ताकि गिरावट आने पर अगले माह और अधिक मनोयोग से निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति की जा सके। संस्थान के हिंदी अधिकारी का सहयोग आपके अनुरोधानुसार प्रदान किया जायेगा ताकि आपके विभाग द्वारा लक्ष्य की प्राप्ति की जा सके।

बैठक की पूर्णता के क्रम में अध्यक्ष महोदय एवं संस्थान के सभी गणमान्य सदस्यों के प्रति धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

रमेश पाण्डेय 28/06/23

(रमेश पाण्डेय)
कुलसचिव एवं सदस्य सचिव

(रमा शंकर वर्मा)
निदेशक एवं अध्यक्ष